https://universitynews.in/

M.A. (Previous) EXAMINATION, 2018

HINDI

Second Paper

(साहित्यशास्त्र) (भारतीय तथा पाश्चात्य)

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 100**

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक विकल्प का चयन करते हुए, पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिये। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम सीमा 500 शब्द है।

1. रस को परिभाषित कर रस के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए रसावयवों की सोदाहरण विवेचना कीजिये। 5+15

अथवा

"ध्वनि सम्प्रदाय में ध्वनि को काव्य की आत्मा माना है।" इस कथन के आलोक में ध्वनि के स्वरूप को विवेचित करते हुए, ध्वनि के भेदों पर प्रकाश डालिये। 5+15

अथवा

2. वक्रोक्ति का तात्पर्य एवं स्वरूप को स्पष्ट करते हुए वक्रोक्ति के प्रमुख भेदों की सोदाहरण विवेचना कीजिये। 5+15

अथवा

रीति सम्प्रदाय की परम्परा का परिचय देते हुए रीतियों के भेदों की सोदाहरण विवेचना कीजिये। 5+15

3. विरेचन सिद्धान्त से जुड़ी अरस्तू की प्रमुख मान्यताओं का विस्तार से वर्णन कीजिये। 20

अथवा

कॉलरिज के 'कल्पना सिद्धान्त' की विवेचना कीजिये। 20

4. सात्र की अस्तित्ववादी समीक्षा पद्धति को समझाते हुए उसके महत्त्व को रेखांकित कीजिये। 20

अथवा

मार्क्सवादी आलोचना पद्धति में व्यक्त कार्ल मार्क्स की प्रमुख स्थापनाओं और मान्यताओं पर प्रकाश डालिये। 20

5. आलोचना की परिभाषा देते हुए आलोचना के विभिन्न प्रकारों की विस्तार से विवेचना कीजिये। 20

अथवा

साहित्य की विविध विधाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए नाटक के तत्त्वों पर प्रकाश डालिये। 10+10

https://universitynews.in/